UP REAL ESTATE REGULATORY AUTHORITY (UP-RERA)

Naveen Bhawan, Rajya Niyojan Sansthan, Kala Kankar House, Old Hyderabad Lucknow-226007

Adv. No.13986/UPRERA/Law Clerk-cum-Research Ass.Rec./2024-25 Dt.25/09/2024

APPLICATION FOR THE POSITION OF Law Clerk-cum-Research Assistant

Applications are invited from law graduates who have graduated not before academic session 2020-21 for the position of **"Law Clerk-cum-Research Assistant"** in UP-RERA, H.Q. Lucknow/Regional Office, Greator Noida for a period of one year.

The Complete details of the advertisement and eligibility criteria of the post of Law Clerk-cum-Research Assistant are available on the Rera website https://up-rera.in.

Secretary

उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण

राज्य नियोजन संस्थान, (नवीन भवन)
कालाकांकर हाउस, पुराना हैदराबाद, लखनऊ–226007

संख्या:13986/यू.पी.रेरा/लॉ–क्लर्क स.रि.सहा./तैनाती/2024–25 दिनांक:25/09/2024

उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण मुख्यालय, लखनऊ तथा क्षेत्रीय कार्यालय, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर में लॉ–क्लर्क–सह रिसर्च सहायक की सेवाएं प्राप्त करने हेतु नियम एवं शर्तें निम्नवत निर्धारित की गयी हैः–

1. लॉ–क्लर्क–सह रिसर्च सहायक के रूप में नियुक्ति हेतु मात्र वही अभ्यर्थी पात्र होंगे जो विधि स्नातक हों। योगदान करते समय एल.एल.बी. की परीक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण–पत्र देना आवश्यक होगा।
2. आवेदक द्वारा लॉ–क्लर्क–सह रिसर्च सहायक हेतु शैक्षणिक सत्र 2020–21, 2021–2022 एवं 2022–2023 से पहले उत्तीर्ण न की गयी हो।
3. लॉ–क्लर्क–सह रिसर्च सहायक के पद पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों द्वारा दिनांक 01–08–2024 को सामान्य वर्ग हेतु 25 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु 26 एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति हेतु 27 वर्ष की आयु पूर्ण न की गयी हो।
4. अभ्यर्थी को हिन्दी व अंग्रेजी भाषा में दक्षता होना अनिवार्य है।
5. यह चयन एक वर्ष की अवधि के लिए होगा, चयनित अभ्यर्थी को 06 माह की सेवा पूर्ण करना अनिवार्य होगा। उत्कृष्ट श्रेणी के लॉ–क्लर्क–सह रिसर्च सहायक को एक वर्ष का समय विस्तार देने पर विचार किया जा सकता है।
6. यदि चयनित अभ्यर्थी 06 माह की सेवा के पश्चात् प्राधिकरण सेवा से विरत होना चाहते हैं तो उनके द्वारा एक महीने की पूर्व नोटिस दिया जाना अनिवार्य होगा। उ.प्र. रेरा द्वारा चयनित अभ्यर्थी को 01 माह की पूर्व नोटिस देकर सेवा से विरत किया जा सकेगा; परन्तु अपरिहार्य परिस्थितियों में नोटिस की समय–सीमा उ.प्र. रेरा के लिए बाध्यकारी नहीं होगी।
7. लॉ–क्लर्क–सह रिसर्च सहायक को रू. 40,000/– प्रतिमाह की दर पर नियत मानदेय का भुगतान किया जायेगा।
8. उपयुक्त अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जायेगा। परीक्षा उ.प्र. रेरा के मुख्यालय लखनऊ में आयोजित की जाएगी।
9. संबन्धित लॉ–क्लर्क–सह रिसर्च सहायक को एक वर्ष की सेवा पूर्ण कर लेने के पश्चात अग्रतर 01 वर्ष तक उ.प्र. रेरा के मा. पीठों में वादी/प्रतिवादी की ओर से अधिकृत अधिवक्ता के रूप में वकालतनामा प्रस्तुत कर उ.प्र. रेरा में पैरवी करना निषिद्ध होगा। साथ ही चयनित लॉ–क्लर्क–सह रिसर्च सहायक जिस पीठासीन अधिकारी की पीठ से 3 माह सम्बद्ध रह कर कार्य निष्पादित करेगें, उस पीठासीन अधिकारी के समक्ष किसी भी पक्षकार की ओर से अधिकृत अधिवक्ता के रूप में वकालतनामा प्रस्तुत कर पैरवी करना पूर्णतया निषिद्ध होगा।

10. अभ्यर्थी के उ.प्र. रेरा में योगदान के उपरान्त किसी भी चैम्बर में लॉ–क्लर्क अथवा प्रैक्टिस अथवा कोई भी फुल टाइम अथवा पार्ट टाइम कोर्स पूर्णतया निषिद्ध होगा।
11. लॉ–क्लर्क–सह रिसर्च सहायक महिला वर्ग के लिए ड्रेस कोड सफेद या काले रंग का फॉर्मल फुल स्लीव कुर्ता और काला या सफेद पयजामा या काले या सफेद रंग की साड़ी काले या सफेद रंग के ब्लाउज के साथ या सफेद रंग का फुल स्लीव कमीज, काले रंग की टाई, सफेद या काले रंग का पैन्ट और काले रंग का फॉर्मल लेडीज जूता होगा। लॉ–क्लर्क–सह रिसर्च सहायक पुरूष वर्ग के लिए ड्रेस कोड सफेद रंग का फुल स्लीव कमीज, काले रंग की टाई, सफेद या काले रंग का पैन्ट और काले रंग का फॉर्मल जूता होगा।
12. यदि चयनित अभ्यर्थी द्वारा पूर्व में उ.प्र. भू–सम्पदा अपीलीय अधिकरण व उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण में किसी पक्षकार की ओर से वकालतनामा प्रस्तुत किया गया है तो नव–नियुक्त पद पर योगदान के पूर्व वकालतनामा वापस लेना होगा।
13. चयनित अभ्यर्थी को अपने कार्यस्थल वाले शहर में ही निवास करना अनिवार्य होगा तथा रेरा में व्यवसाय करने वाले व्यक्ति/फर्म/संस्था यथा चार्टड अकांउटेन्ट, कम्पनी सचिव, लागत लेखापाल तथा विधि व्यवसायी के साथ निवास नहीं करेगें।
14. चयनित अभ्यर्थी का कार्य एवं आचरण संतोषजनक न पाए जाने की स्थिति में उनके विरूद्ध यथासम्यक कार्यवाही की जायेगी।
15. इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 27–09–2024 से 15–10–2024 की सायं 5 बजे तक उ.प्र. रेरा की वेबसाइट ***https://up-rera.in*** के ***Career tab*** पर जाकर अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकता है।

(प्रमोद कुमार उपाध्याय)
सचिव